# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 18 अप्रैल 2026





## खबर संक्षेप

### गर्मी में 20 अप्रैल से ग्रीष्म अवकाश के निर्णय का स्वागत

**रायपुर।** माधवराव सप्रे उच्चतर माध्यमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष हरख मालू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि स्कूली छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर जनहित में लिया गया यह निर्णय स्वागत योग्य है। विदित हो, श्री मालू ने भीषण गर्मी की तपती धूप में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की सभी शालाओं में अवकाश घोषित कराए जाने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखा था ,जिसमें श्री मालू ने मुख्यमंत्री श्री साय से अनुरोध किया कि वे इस आशय का महत्वपूर्ण निर्णय लेकर सभी शासकीय एवं निजी शालाओं में अवकाश घोषित कराने हेतु निर्देशित करें ताकि इस भीषण गर्मी में स्वास्थ्य पर होने वाले विपरीत प्रभाव वे स्कूली बच्चों को सुरक्षित किया जा सके। स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य को सर्वोपरि मानते हुए 20 अप्रैल से स्कूलों में ग्रीष्म अवकाश दिए जाने की घोषणा की गई है।

### सभापति के वाहन पात्रता को लेकर आयुक्त को पत्र

**रायपुर।** नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने निगम आयुक्त विश्वदीप को पत्र लिख सभापति के वाहन की पात्रता के संदर्भ में जानकारी चाही है। उनका कहना है कि नगर निगम के सभापति को वाहन की पात्रता है या नहीं, इसकी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराएं। जिससे वाहन के उपयोग के संदर्भ में उनके द्वारा उचित निर्णय लिया जा सके। श्री राठौर ने आयुक्त को लिखे पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि नगर निगम रायपुर द्वारा सभापति को वाहन उपलब्ध कराया गया है। यह व्यवस्था नगर निगम रायपुर में वर्ष 1999 से लागू है।

### संत माता कर्मा ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक



**रायपुर।** गुरूवार को संत माता कर्मा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कुमार शंकर मेनन, विशाल शर्मा,पूर्व पार्षद छाया पार्षद वार्ड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता गण शामिल हुए । बैठक में बूथ कमेटी बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में विशाल शर्मा हिरेंद्र देवांगन, सहदेव व्यवहार, पल्लवी , राजा बंजारे ,राजू साहू, तुलाराम साहू, अवनेश जोशी, दुष्यंत साहू, शिव जोशी, अशोक बाग, नरेंद्र जांघेल, नीरज शर्मा ,जसमीत सेठी ,सुरेश ढीवर , वरुण चटर्जी सूर्य निर्मलकर तरुण साहू राजेंद्र साहू शामिल रहे।

### लोककल्याण के देव हैं भगवान शिव : डॉ. त्रिवेदी



**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में गुरुवार को सुप्रसिद्ध चिकित्सक और कवयित्री डॉ. शीला गोयल की पुस्तक आशुतोष तुम औघड़दानी का विमोचन पूर्व आईएएस डॉ. सुशील त्रिवेदी ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री त्रिवेदी ने कहा कि शिव लोककल्याण के देव हैं और आधुनिक समय में उनसे प्रेरणा लेकर हम शांति के साथ जीवन जी सकते हैं। समारोह की अध्यक्ष पूर्व कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा ने कहा कि विषम परिस्थितियों में लेखिका ने शिवजी की आराधना करके समय को अपने अनुकूल कर लिया है। शिवजी का औघड़दानी स्वरूप सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। शिवजी हमें विषमता का मुकाबला धैर्य से करना सिखाते हैं। कार्यक्रम को शताब्दी पांडेय, डॉ. मृणालिका ओझा, डॉ. शीला गोयल, डॉ. संध्या वर्मा, नीलम दिवा कीर्ति, सुनंदा चौधरी और कवि परम कुमार आदि ने संबोधित किया। इस समारोह की अध्यक्षता पूर्व कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा ने की। युवा कवि परम कुमार और वरिष्ठ कवि योगेश योगी ने शिवजी को केंद्र में रखकर अपनी रचनाओं का पाठ किया। आभार व्यक्त डॉ. सीमा निगम ने किया। समारोह में प्रमुख रूप से डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र, डॉ. सुरेश देशमुख, विजय मिश्रा, त्रिलोक महावर, मंजूषा अग्रवाल, सीमा अवस्थी, लतिका भावे, राजेंद्र ओझा, डॉ. अरविंद नेरल, राजेश गनोदवाले आदि शामिल थे।

# सोलर से रोशन गांवों में भी बिजली की लाइन पहुंचाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश क्षेत्र के वनांचल के गांवों में जहां अब तक सोलर ऊर्जा के माध्यम से बिजली की व्यवस्था की गई थी, अब शीघ्र ही मुख्य बिजली लाइन (ग्रिड) से जोड़ा जाएगा। इससे इन गांवों को अस्थाई सोलर व्यवस्था से मुक्ति मिलेगी और नियमित, स्थाई बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इसका जायजा लेने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। श्री कंवर ने बिलासपुर के कोटा वनांचल क्षेत्र के चार गांवों का स्थल निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का आकलन किया तथा आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित बिजली अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के चलते कोटा वनांचल में स्थित सरगोड़, छुइहया, चिचवा डबरी एवं परसापानी गांवों में पहले सोलर प्लांट के जरिए बिजली पहुंचाई गई थी। किंतु अब बिजली विभाग ने इन गांवों को मुख्य ग्रिड से जोड़ने की प्रक्रिया तेज कर दी है, जिससे ग्रामीणों को निर्बाध एवं पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो सकेगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की टीम ने गांवों में पहुंचकर सर्वे एवं तकनीकी निरीक्षण किया।

■ एमडी भीम सिंह कंवर ने किया कोटा वनांचल क्षेत्र के चार गांवों का स्थल निरीक्षण



### स्थाई समाधान सुनिश्चित किया जाएगा

एमडी श्री कंवर ने कहा, सोलर व्यवस्था एक अस्थाई समाधान था, लेकिन अब इन गांवों को मुख्य बिजली लाइन से जोड़कर स्थाई समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। ग्रामीणों ने भी इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, अब उन्हें सीमित सोलर बिजली पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और वे पंखा, टीवी, मोटर जैसे उपकरणों का बेहतर उपयोग कर सकेंगे। चूंकि ये गांव घने जंगलों से घिरे हुए हैं, अतः वहां तक बिजली लाइन खींचने के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस की भी आवश्यकता होगी। इस संबंध में अधिकारियों ने श्री कंवर को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने वन विभाग से क्लीयरेंस प्राप्त करने हेतु तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि चारों गांवों के विद्युतीकरण में किसी प्रकार की बाधा न आए। निरीक्षण के दौरान विद्युत कंपनी के अधीक्षण अभियंता एसके जांगड़े, ईई प्रोजेक्ट मिलिंद पाण्डेय, कोटा ईई राजेन्द्र गोंड सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

## निजी बिल्डर की ओर से जमा फाइल निगम मुख्यालय न भेजकर सीधे टीएनसी भेज दी गई

# जोन 10 से टीएनसी और मार्ग संरचना अप्रूवल के नाम पर 69 भूखंड की फाइल हो गई गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम में टीएनसी और मार्ग संरचना अप्रवूल के नाम पर 69 भूखंडों की फाइल गायब हो गई है। नगर निगम जोन 10 के कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड में आरडीए कालोनी से लगे बोरियाखुर्द, ओम नगर, सांई नगर, बिलाल नगर क्षेत्र के भूखंडों से जुड़ा मामला है। यह फाइल जोन कार्यालय से निगम मुख्यालय के बजाय सीधे नगर निवेश विभाग जो आवास एवं पर्यावास विभाग के अधीन होता है, उसे भेज दी गई। मामला सामने आते ही जोन कमिश्नर को मुख्यालय अटैच किया गया है। निगम आयुक्त ने इस मामले की जांच के लिए एक टीम भी बनाई है।

नगर निगम में 100 एकड़ जमीन के कथित घोटाले का मामला सामने आया है, जिससे हड़कंप मच गया है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और मार्ग संरचना अप्रूवल के नाम पर नियम-कानूनों को दरकिनार कर फाइलें पास करने और बाद में मूल दस्तावेज गायब होने के आरोप लगे हैं। मामले की प्रक्रिया को बायपास करने 69 खसरा नंबर की फाइलें गायब होने और अधिकारियों-बिल्डरों के मिली भगत जैसे सवाल उठ रहे हैं। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने जोन 10 द्वारा मार्ग संरचना की फाइल को बिना मुख्यालय भेजे टाउन एंड कंट्री प्लानिंग भेजने पर ऐतराज करते हुए अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाया है।

उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि नगर निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के दोषी अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर की कार्रवाई सुनिश्चित हो, प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए। यह एक बड़ा मामला है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि जोन 10 के संबंधित अधिकारी और नगर निवेश के अधिकारियों की संलिप्तता से यह खेल खेला गया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने इस मामले को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं, उन्होंने कहा कि जोन 10 का यह मामला 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का घोटाला है। दलाल, बिल्डर और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से यह खेल खेला गया है। इसमें नियम और कानून को तिलांजलि दी गई है। मामले की जानकारी होते ही मूल नस्ती गायब कर दी गई। अवैध कालोनियों को अवैध तरीके से वैध करने का एक बड़ा षड़यंत्र है।





■ 100 एकड़ जमीन का मामला, बोरियाकला इलाके के ओमनगर, सांई नगर बिलाल नगर क्षेत्र की फाइल

### मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है

इस मामले में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है, गड़बड़ियां सामने आई हैं, हमने इसे संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। टीएनसी से कराए अप्रूवल को तुरंत निरस्त कर दिया है। मामले की जांच के लिए एक टीम बनाई है, जिसने आज ही रिपोर्ट दी है। एफआईआर भी करा दी गई है।

\- **विश्वदीप**, आयुक्त, नगर निगम रायपुर

### प्रक्रिया के बायपास होने पर सवाल, अप्रवूल की प्रक्रिया इस तरह मार्ग संरचना अप्रूवल की प्रक्रिया इस तरह से है

- पहले जोन से फाइल निगम मुख्यालय आती है
- निगम कमिश्नर देते हैं अप्रवूल
- फिर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग यानी टीएनसी विभाग भेजी जाती है।
- टीएनसी से वापस निगम कमिश्नर के पास आती है, और अंतिम अप्रूवल के पास जोन को भेजी जाती है।
- इस मामले में जोन क्रमांक 10 से फाइल सीधे टीएनसी विभाग पहुंचा दी गई। निगम कमिश्नर को पूरी तरह बायपास कर दिया गया। जब टीएनसी से फाइल निगम कमिश्नर के पास आई, तो उन्होंने हैरानी जताई कि संबंधित फाइल उन्होंने अप्रूव ही नहीं की थी। इसके बाद जोन 10 से मूल नस्ती मंगाई गई, तो पता चला मूल फाइल ही गायब हो चुकी है। जोन 10 के नए कमिश्नर ने नस्ती गुम होने का अधिकारिक पत्र भी लिखा है।

# विवि है या दारूबाजों का अड्डा? देर रात पार्टी से प्राध्यापक-छात्र त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पं.रविशंकर शुक्ल विवि इन दिनों दारूबाजों का अड्डा बन गया है। विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न अध्ययनशालाओं में मैदान निर्मित हैं। इसके अतिरिक्त भी कई विवि परिसर में सरोवर, मैदान सहित छात्रों के अध्ययन-अध्यापन के लिए खुली जगह अथवा उद्यान हैं। परिसर में प्रवेश के लिए कड़े नियम नहीं होने के कारण यहां कोई भी आसानी से प्रवेश कर जाता है। परिसर में स्थित पं.रविशंकर शुक्ल की प्रतिमा के नीचे मध्यरात्रि केक काटे जाने से लेकर यहां मैदानों में बाहरी तत्वों द्वारा बैठकर शराब व नशीले पदार्थों का सेवन सामान्य बात हो गई है। मैदान में प्रतिदिन नशीली सामग्री प्राप्त हो रही है। इसके पूर्व विवि में निर्मित सरोवर में भी इस तरह की शिकायत प्राप्त हुई थी। यहां सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति किए जाने के कारण स्थिति पहले से बेहतर है, किंतु अन्य स्थानों में अब भी पूर्व की ही तरह असामाजिक तत्व देर रात डेरा जमाए रहते हैं। विवि अध्ययनशाला के छात्रों और छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों में भी इसे लेकर रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि कई बार उन्हें खेलने के लिए मैदान नहीं मिल पाता है। बाहर से आए लड़के वहां कब्जा किए हुए रहते हैं। विरोध करने पर विवाद की स्थिति निर्मित होती है पढ़ाई प्रभावित होती है, इस कारण वे भी उच्च स्तर पर शिकायत नहीं करते हैं।

### समाधान करेंगे

विवाद की सूचना प्राप्त होने पर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। छात्रों से अन्य असामाजिक गतिविधियों की शिकायतें प्राप्त होने पर उनका भी समाधान करेंगे।

\- **प्रो.राजीव चौधरी,** मीडिया प्रभारी, रविवि

### विवाद के बाद उठा मुद्दा

रविवि में बीते दिनों शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष, छात्रों व सुरक्षा गार्ड के साथ बाहरी लड़कों ने झूमाझटकी की थी। वे रविवि अध्ययनशाला के मैदान में आकर खेल रहे थे। रोके जाने पर विवाद की स्थिति निर्मित हुई। रविवि ने पूरे मामले की शिकायत सरस्वती नगर थाने में की है। इस विवाद के बाद रविवि यूटीडी के अन्य विभागों के प्राध्यापक भी सामने आए और उन्होंने बाहरी तत्वों को विवि परिसर से बाहर रखने तथा इस संदर्भ में नियम बनाने की मांग की है। प्राध्यापकों का कहना है कि टीचर्स कॉलोनी भी बाहरी लड़के कई बार देर घूमते मिल जाते हैं। किसी तरह का सवाल किए जाने पर उनके द्वारा दुर्व्यवहार आम बात हो गई है। सूत्रों के अनुसार, शिक्षक संघ अब पूरे मामले में निंदा प्रस्ताव लाने और विवि से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की तैयारी में है।

# जोन 1 में जनगणना प्रशिक्षण पूरा, 120 प्रगणक-पर्यवेक्षकों को ट्रेनिंग, फील्ड सर्वे शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- महावीर स्कूल में तीन बैच में प्रशिक्षण
- कन्हैयालाल बाजारी वार्ड में जनगणना सर्वे

रायपुर नगर निगम जोन 1 में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण एवं फील्ड सर्वे का कार्य इन दिनों चल रहा है।

गुढ़ियारी स्थित महावीर स्कूल में तीन बैच में जनगणना प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देने का कार्य पूरा कर लिया गया है। जोन कमिश्नर और जनगणना चार्ज अधिकारी अंशुल शर्मा सीनियर ने बताया निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर यह प्रशिक्षण तीन अलग-अलग सत्र में आयोजित किया गया, जिसमें 120 प्रगणक और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान 20 प्रगणक और पर्यवेक्षक स्वास्थ्यगत कारणों से अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण के साथ ही जोन 1 की टीम ने गुढ़ियारी क्षेत्र में जनगणना के लिए फील्ड सर्वे भी किया। इसके तहत जोन 1 की टीम कन्हैयालाल बाजारी वार्ड में पहुंची, जहां वार्ड पार्षद राजेश कुमार देवांगन के निवास पर भी जनगणना सर्वे किया गया।

# जिले के ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल संकट, डबल इंजन सरकार का धोखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ ठेकेदारों को डेढ़ वर्ष से भुगतान बंद, जनता पानी के लिए तरस रही

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, रायपुर जिला ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में जल जीवन मिशन की योजनाएं पूरी तरह ठप पड़ी हैं। ठेकेदारों को पिछले डेढ़ वर्ष से एक भी पैसा भुगतान नहीं किया गया है, जिस कारण टंकी निर्माण, पाइपलाइन और अन्य कार्य रुके पड़े हैं। ग्रीष्म की भीषण गर्मी में महिलाएं और बच्चे पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार पूरी तरह संवेदनहीन और लापरवाह बनी हुई है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, पूर्व जनपद सदस्य जयंत साहू, कांग्रेस नेता महेंद्र गुड्डू एवं सेन प्रेम सुल्तान ने गुरुवार को अनिल कुमार बच्चन, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन सहायक अभियंता शुभ्रा बघेल के माध्यम से दिया गया। ज्ञापन में ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए रायपुर जिला ग्रामीण क्षेत्र के सभी अधूरे जल जीवन मिशन कार्यों को तुरंत पूरा करने की मांग की गई।

### इन क्षेत्रों में पेयजल संकट

रायपुर जिला ग्रामीण क्षेत्र धरसींवा, आरंग, अभनपुर, तिल्दा आदि के कई गांवों में पेयजल की स्थिति अत्यंत भयावह है। सारागांव, बहेशर, मुरेठी, गोमची-परसतराई एवं तर्रा पानी टंकी अधूरा है एवं कनेक्शन बचा हुआ, सकरी बाराडेरा में बोर धस गया, टंकी दो महीने से बंद पड़ी है। वहीं कुछ अन्य गांवों मिशन का कार्य अधूरा है उनमें ग्राम मादाडीह स्रोत ही उपलब्ध नहीं। मोतिमपुरकला में पाइपलाइन बिछाई ही नहीं गई। तरपोंगी में टंकी निर्माण मात्र 50 प्रतिशत पूरा। तुलसी नेवरा में टंकी की फिनिशिंग अधूरी। हथबंध में पानी की टंकी और पाइपलाइन निर्माण अधूरा है।

# आधी रात टिंबर मार्केट में आग से मचा हड़कंप

### निगम की पानी टंकी फूटने की वजह से फायर ब्रिगेड को एम्स से पानी की व्यवस्था करनी पड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



देवेंद्र नगर क्षेत्र के फाफाडीह टिंबर मार्केट में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात आग लगने से हड़कंप मच गया। स्थिति उस समय विकट हो गई, जब फायर ब्रिगेड की टीम को निगम की जगह पानी की व्यवस्था एम्स अस्पताल से करनी पड़ी। फायर ब्रिगेड को निगम से पानी नहीं मिलने का कारण निगम की भाठागांव एनिकट स्थित वाटर फिल्टर प्लांट के हैडर में ब्लास्ट होने की वजह से शहर की 23 पानी टंकियों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पायी। इसके चलते फायर ब्रिगेड को लंबी दूरी तय कर एम्स अस्पताल से पानी लाना पड़ा। पानी की कमी तथा व्यवस्था करने में देर होने की वजह से आग पर काबू पाने में पांच से छह घंटे का समय लग गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पायनियर मार्केटिंग कैलाश टिंबर गोदाम से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। इसके बाद देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। गोदाम में बड़ी मात्रा में लकड़ी और अन्य ज्वलनशील सामग्री रखी हुई थी। इस वजह से आग तेजी से फैलती चली गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। आग पर काबू पाने फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं।

### आसपास के रहवासियों को शिफ्ट कराया गया

आग को बेकाबू होते देख मौके पर उपस्थित प्रशासन तथा पुलिस की टीम ने आसपास के रहवासियों को उनके घरों से निकालकर दूसरी जगह शिफ्ट कराया। लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट कराने पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस तथा प्रशासन की मुस्तैदी की वजह से किसी तरह से कोई जनहानि नहीं हुई।

### शॉर्ट सर्किट से आगजनी की आशंका

आग से लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है। सुबह तक टिंबर गोदाम में कूलिंग का काम जारी था।

# मादक पदार्थ तस्करी में पुलिस के साथ कोर्ट सख्त तस्कर को 20 साल कैद के साथ पांच लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों को अब कोर्ट लंबी सुनवाई की तारीख देने के बजाय उनकी सुनवाई जल्द पूरी कर सजा सुना रही है। इसके साथ ही पुलिस भी तस्करों के खिलाफ नकेल कसने उनकी धर पकड़ करने के साथ ही कोर्ट द्वारा जारी चालान तामिल कराने पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने एक एसीपी को नोडल अफसर नियुक्त किया है। गंज थाना क्षेत्र में साढ़े चार हजार से ज्यादा प्रतिबंधित नींद की गोली तथा कफ सिरप के साथ गिरफ्तार युवक को विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की कोर्ट ने 20 वर्ष कैद के साथ पांच लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

### चालान तामील करने नोडल अफसर

मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तस्करों को कोर्ट द्वारा जारी चालान समय पर तामील हो रहा है या नहीं, इसकी मॉनिटरिंग करने पुलिस कमिश्नर ने कोतवाली के एसीपी दीपक मिश्रा को नोडल अफसर नियुक्त किया है। इसके साथ ही मादक पदार्थ तस्करी के फरार आरोपियों की जल्द से जल्द पतासाजी कर उनकी गिरफ्तारी करने पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं।

### औसतन हर चार दिन में तीन को सजा

कोर्ट ने फरवरी से मार्च के बीच 51 तस्करों को कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। जिन लोगों को सजा सुनाई गई है, उनमें 2 को 20, 13 को 15, 8 को 10, 12 को 5 तथा आठ लोगों को पांच साल से कम कैद की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही मादक पदार्थ तस्कारी करने के आरोप में आधा दर्जन आरोपियों को कोर्ट ने अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने टिकरापारा, ताजनगर निवासी शेख सरफराज खान उर्फ सोनू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। गंज थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पिछले वर्ष 28 जून को घेराबंदी कर प्रतिबंधित टेबलेट के साथ कफ सिरप जब्त किया था। शेख सरफराज ने किसी दूसरे शहर से प्रतिबंधित टेबलेट के साथ कफ सिरप ट्रेन के रास्ते खरीदकर रायपुर बेचने के लिए लाया था।

# इंटेकवेल के हेडर में ब्लास्ट फटी पाइप लाइन, बड़े इलाके में जल आपूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरुवार को राजधानी के बड़े इलाके में नगर निगम की जल आपूर्ति ठप रही। नगर निगम की 29 पानी टंकियों में सुबह की पाली में जल आपूर्ति तरह ठप रही, पाइप लाइन मरम्मत कार्य के कारण शाम के समय भी जल आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रही। पानी टंकियां सूखी रहने की वजह से इसके विकल्प के रूप में निगम ने प्रभावित इलाकों में टैंकर से पानी भेजने की व्यवस्था भी नहीं की। इससे लोग बेहद परेशान रहे, गर्मी के सीजन में सुबह से बिना सूचना के जल आपूर्ति नहीं होने से लोगों में इस बात को लेकर खासी नाराजगी देखने को मिली। जल विभाग के अधिकारी का कहना है कि इंटेकवेल के हेडर में बुधवार देर रात जोर के ब्लास्ट के साथ पाइन लाइन फट गयी थी, इस वजह से 29 पानी टंकियों से निकासी नहीं हो सकी।

दरअसल, नगर निगम के इंटेकवेल के रॉ क्लीयरिंग वाटर के मेन हेडर में बुधवार रात्रि 1 बजे जोर के ब्लास्ट के साथ पाइप लाइन फट गयी। इस वजह से पानी सफाई के साथ शहर की 29 पानी टंकियों से जल आपूर्ति नहीं हो सकी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### उद्यानिकी और वानिकी कॉलेजों में पीएटी के मेरिट अंकों से मिलेगा प्रवेश

**साजा।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित उद्यानिकी एवं वानिकी कॉलेजों में छात्रों का प्रवेश पीएटी में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा। 2 अप्रैल से पीएटी के लिए ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया चल रही है। आवेदन भरने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल निर्धारित है। परीक्षा की संभावित तिथि 21 जून है। व्यापम द्वारा आयोजित पीएटी के लिए प्रदेश के सभी 33 जिलों में केंद्र बनाए जाएंगे। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट पर 15 जून से उपलब्ध कराए जाएंगे। पीएटी के माध्यम से 4 वर्षीय बीएससी ऑनर्स उद्यानिकी एवं वानिकी डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। विवि के अंतर्गत बीएससी ऑनर्स उद्यानिकी कोर्स 16 सरकारी और 3 निजी कॉलेजों में संचालित है। इनमें 1240 सीटें हैं। वहीं बीएससी ऑनर्स वानिकी कोर्स के लिए एकमात्र कॉलेज में 60 सीटें उपलब्ध हैं। पीएटी में प्राप्त अंकों और मेरिट के आधार पर प्रवेश के लिए काउंसलिंग होगी, जिसमें विद्यार्थी कॉलेज का चयन कर सकेंगे। वर्तमान में उद्यानिकी एवं वानिकी के क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहे हैं। फल, सब्जी, पुष्प उत्पादन, औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती तथा वन संरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञों की डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है।

### उपचार में लापरवाही कार्रवाई की मांग

**डोंगरगढ़।** क्षेत्र से एक गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही का मामला सामने आया है। ग्राम अछोली निवासी एक महिला ने कथित डॉक्टर पर गलत ऑपरेशन, गलत दवाइयां देने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार अछोली की कीर्ति डकहा ने अपने आवेदन में बताया कि वर्ष 2024 में उसके शरीर में सामान्य गांठ होने की समस्या हुई थी। उपचार के लिए उन्होंने श्रीराम कृपा अस्पताल के डॉ महेश तिवारी से संपर्क किया। महिला का आरोप है कि डॉक्टर ने बिना जांच के ही इलाज शुरू कर दिया।पीड़िता के अनुसार डॉक्टर ने प्रोटोकॉल की अनदेखी करते हुए ऑपरेशन कर दिया। गलत दवाइयां देने से उसकी स्थिति लगातार बिगड़ते गई। वर्तमान में उनकी बीमारी गंभीर रूप ले चुकी है। महिला ने बताया कि इस प्रकरण में जिला चिकित्सा अधिकारी ने मात्र 20 हजार का आर्थिक दंड लगाकर मामले को समाप्त करने का प्रयास किया गया, जो अन्यायपूर्ण है। महिला ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### समीक्षा : योजनाओं की प्रगति की ली गई जानकारी

# विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर प्रभारी सचिव शहला निगार ने ली वृहद समीक्षा बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रमुख सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त एवं जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती शहला निगार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक लेकर शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया।

बैठक में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, जिला पंचायत सीईओ सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और उनके जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना रहा। प्रभारी सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए योजनाओं का लाभ समय-सीमा में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने, दलहन-तिलहन के रकबे में वृद्धि तथा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। साथ ही बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और खरीफ सीजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। रबी सीजन के कार्यों की सराहना करते हुए किसानों की आय बढ़ाने हेतु नवाचार अपनाने के निर्देश दिए गए। उद्यानिकी विभाग को फल, सब्जी एवं मसाला उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा ड्रिप एवं सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। वहीं पशुपालन एवं मत्स्य पालन को ग्रामीण आय का महत्वपूर्ण साधन बताते हुए टीकाकरण, पशु चिकित्सा सेवाओं और मत्स्य पालकों के लिए क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

#### समयबद्ध लक्ष्य और जवाबदेही पर जोर

प्रभारी सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने अधिकारियों को हितग्राहियों से सीधे संवाद कर समस्याओं का त्वरित समाधान करने को कहा। बैठक के अंत में उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही वास्तविक विकास का आधार है और सभी अधिकारी समन्वय एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर जिले को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

#### पेयजल व्यवस्था और उर्वरक वितरण पर सख्ती

भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए उर्वरक की कालाबाजारी पर सख्ती बरतने और निगरानी तंत्र मजबूत करने के निर्देश भी दिए गए।

#### राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला-बाल विकास विभाग को स्पष्ट निर्देश

राजस्व विभाग को नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने तथा डिजिटल रिकॉर्ड अपडेट रखने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता, डॉक्टरों की उपस्थिति और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर ध्यान देने को कहा गया। शिक्षा विभाग के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति और स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता, पोषण आहार और कुपोषण मुक्ति अभियान पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

### देवरबीजा सेवा सहकारी समिति का निरीक्षण

# प्रभारी सचिव शहला निगार ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले की प्रभारी सचिव शहला निगार आज देवरबीजा सेवा सहकारी समिति के निरीक्षण हेतु पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने समिति में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान समिति में संचालित कार्यों, रिकॉर्ड संधारण, खाद्यान्न वितरण व्यवस्था तथा हितग्राहियों को मिलने वाली सेवाओं की स्थिति का अवलोकन किया गया।

प्रभारी सचिव ने पारदर्शिता, समयबद्धता एवं हितग्राहियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे। साथ ही रिकॉर्ड संधारण एवं वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने समिति स्तर पर स्वच्छता, निगरानी एवं व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर भी बल दिया, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान बेमेतरा कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ▶▶| शेष पेज 4 पर

#### उर्वरक वितरण, पीएम-आशा योजना एवं स्टॉक व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव द्वारा उर्वरक वितरण एवं भंडारण व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि पीएम-आशा योजना अंतर्गत खरीफ फसलों के लिए आवश्यक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसानों को समय पर वितरण किया जाए। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि उर्वरकों के भंडारण एवं स्टॉक की स्थिति को व्यवस्थित बनाए रखने तथा आवश्यकतानुसार पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनाए रखना जरूरी है। प्रभारी सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डीएपी, एसएसपी एवं एनपीके जैसे उर्वरकों का संतुलित वितरण किया जाए और किसी एक उर्वरक पर अनावश्यक दबाव न बनाया जाए। साथ ही उर्वरक वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पीओएस मशीन एवं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को उर्वरकों के सही उपयोग एवं संतुलित मात्रा के संबंध में जागरूक किया जाए, जिससे उत्पादन में वृद्धि हो सके और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित ▶▶| शेष पेज 4 पर

# पोषण पखवाड़े का आयोजन: बाल विकास और जागरूकता पर दिया गया विशेष जोर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, बेमेतरा में भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वाकांक्षी योजना "पोषण पखवाड़ा" के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। वर्ष 2026 में आयोजित यह 8वां पोषण पखवाड़ा है, जिसका मुख्य विषय "जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना" निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के प्रारंभिक विकास, संतुलित आहार, मातृ एवं शिशु पोषण, तथा पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि जीवन के पहले छह वर्ष बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं।


कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा पोषण से संबंधित विभिन्न गतिविधियां जैसे जागरूकता अभियान, चर्चा सत्र, पोस्टर प्रस्तुति एवं जनजागरूकता संदेशों का प्रसार किया गया। प्रतिभागियों को संतुलित आहार, स्वच्छता, एनीमिया नियंत्रण, कुपोषण उन्मूलन एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण संबंधी जानकारी को अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

#### 23 अप्रैल तक चलेगा अभियान

पोषण पखवाड़ा का आयोजन 23 अप्रैल 2026 तक किया जाना प्रस्तावित है। इस अवधि में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं समुदाय स्तर पर अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य कुपोषण को समाप्त करना एवं समाज में पोषण के प्रति सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन लाना है।

#### कुपोषण मुक्त भारत की दिशा में सामूहिक प्रयास आवश्यक

कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि कुपोषण को समाप्त करने एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। पोषण पखवाड़ा जैसे अभियान न केवल जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि समाज को एक स्वस्थ और सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



### नारी शक्ति वंदन पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब, अटल परिसर में महिला नेतृत्व केंद्र में रहा

# महिला मोर्चा का शक्ति प्रदर्शन, '600 पार' के नारे के साथ मोदी सरकार का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




महिला आरक्षण को लेकर देशभर में चल रही चर्चाओं के बीच बेमेतरा में भाजपा महिला मोर्चा ने धन्यवाद सभा का आयोजन कर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसले का स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान 'अबकी बार 600 पार' का नारा गूंजता रहा और महिलाओं में उत्साह रहा। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी के नेतृत्व में "नारी शक्ति वंदन पदयात्रा" भारत माता चौक से प्रारंभ होकर गस्ती चौक होते हुए अटल परिसर तक निकाली गई। पदयात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, संगठन की पदाधिकारियों और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय महिलाओं ने भाग लिया। पदयात्रा के दौरान "नारी शक्ति वंदन" और "मोदी जी का आभार" जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।

पदयात्रा का समापन अटल परिसर में सभा के रूप में हुआ, जहां सेल्फी प्वाइंट और सिग्नेचर ड्राइव की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि मंच पर केवल महिला पदाधिकारी ही मौजूद रहीं, जबकि विधायक दीपेश साहू, भाजपा नेता राजेंद्र शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित अन्य वरिष्ठ नेता मंच के नीचे बैठकर महिला नेतृत्व का सम्मान करते नजर आए। **33% आरक्षण के फैसले का स्वागत:** कार्यक्रम ऐसे समय आयोजित हुआ जब संसद में महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा ने इसे महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।कार्यक्रम का संचालन पार्षद नीतू कोठारी ने किया, जबकि मुख्य वक्ता ब्रह्मकुमारी शशी दीदी रहीं।

#### 600 पार" का नारा संगठन का बड़ा लक्ष्य

सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने "अबकी बार 600 पार" का नारा देते हुए कहा कि यह मातृ शक्ति का संकल्प है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी ताकत से कार्य करेंगी। साथ ही उन्होंने परिसीमन के बाद लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ने की संभावना का भी उल्लेख किया। महिला सशक्तिकरण की नई दिशा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह निर्णय महिलाओं के लिए स्वर्णिम युग की शुरुआत है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहीं।

खबर संक्षेप

## महिला सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदमः इंद्राणी चन्द्रवंशी

**कवर्धा।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में देश में लागू 33 प्रतिशत महिला आरक्षण एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल है, जो महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। जिस पर श्रीमती इंद्राणी दिनेश चन्द्रवंशी पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत कवर्धा ने बताया कि सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र से पांच महिलाओं को दिल्ली संसद भेजने के लिए व्यक्त किए गए विश्वास में मेरा नाम भी सम्मिलित किया गया है। इस महत्वपूर्ण अवसर के लिए सांसद का हृदय से आभार व्यक्त किया। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे कबीरधाम जिले की माताओं-बहनों एवं समस्त क्षेत्रवासियों का गौरव है।

## महंगाई की मार से आम जनता परेशान

**कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ती महंगाई से आम नागरिकों का जीवन कठिन होता जा रहा है। रोजमर्रा जरूरतों की चीजें गैस सिलेंडर व घरेलू उपयोग की सामग्री तथा मकान निर्माण कार्य के सामग्री जैसे सरिया, सीमेंट और के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम नागरिकों की बजट बिगड़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार के पास महंगाई को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस आर्थिक नीति नजर नहीं आ रही है, चुनाव के समय किए गए वादों के विपरीत, अब महंगाई आसमान छू रही है और आम जनता को कोई राहत नहीं मिल रही है। जिस पर आम नागरिकों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाकर महंगाई पर नियंत्रण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं राजयोग कैम्प का आयोजन 19 अप्रैल को

**कवर्धा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र शिव ज्योति भवन कवर्धा अपने अनण्य ब्रह्माकुमार स्व. डॉ ईश्वर साहू के प्रथम पुण्य स्मृति दिवस पर उनके पैतृक निवास स्थान ग्राम पनेका में 19 अप्रैल रविवार प्रातः 11 से सायं 05 बजे तक शासकीय प्राथमिक शाला भवन पनेका में 01 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं राजयोग मेडिटेशन कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उपलब्ध अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगों की जांच उपचार एवं निःशुल्क दवाई वितरण किया जाएगा। इस शिविर में स्वेच्छा से निःस्वार्थ सेवा प्रदान करने वाले चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। जिसमें डॉ एनके यदु वरिष्ठ नाक, कान, गला, रोग विशेषज्ञ, डॉ सिद्धांत नितिन जैन (मेडिसिन फिजिशियन आईसीयू), डॉ बिसेन सिन्हा एनेस्थिसिया चिकित्सक, डॉ प्रांजल जैन फंक्बर, हड्डी रोग एवं जोड़, प्रत्यारोपण विशेषज्ञ, डॉ नीरज इंडारे हृदय रोग चिकित्सक, डॉ दीपेश चन्द्रोल आयुर्वेदिक चिकित्सक, डॉ धर्मेन्द्र चन्द्रवंशी हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ अर्चना कश्यप स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं प्रसूति विशेषज्ञ, डॉ मयंक नाहटा दंत चिकित्सक उपलब्ध होगें। जिस पर राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी नीलेश्वरी दीदी व राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी गोमती बहन ने उक्त शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर निःशुल्क राजयोग शिविर का लाभ उठाने अपील की गई।

पेज 3 के शेष

## प्रभारी सचिव शहला ...

एसडीएम दीप्ति वर्मा, तहसीलदार मानकर, देवरबीजा के नायब तहसीलदार राजा राम तथा समिति अध्यक्ष संजीव तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रभारी सचिव को समिति की कार्यप्रणाली एवं वितरण प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी।

## उर्वरक वितरण ....

हो। निरीक्षण के अंत में अधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने तथा शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# भीषण गर्मी के चलते स्कूलों में अब ग्राष्मकालीन छुट्टियां 20 अप्रैल से 15 जून तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने पड़ रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए बड़ा निर्णय लिया है। जारी आदेश के अनुसार अब प्रदेश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं गैर अनुदान प्राप्त स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि में संशोधन करते हुए 20 अप्रैल 2026 से 15 जून 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पूर्व में जारी आदेश के अनुसार यह अवकाश 1 मई से 15 जून तक निर्धारित था,

- शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए यह अवकाश मान्य नहीं

## शैक्षणिक विकास से प्रशासनिक कार्य प्रभावित नहीं होंगे



### अवकाश घोषित करना सकारात्मक पहल

स्कूल शिक्षा विभाग के इस निर्णय का अभिभावकों और शिक्षकों ने स्वागत किया है। अभिभावकों का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और शासन का यह निर्णय समयानुकूल एवं सराहनीय है। विशेषज्ञों का भी मानना है कि गर्मी के इस मौसम में बच्चों में डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में समय से पहले अवकाश घोषित करना एक सकारात्मक पहल है।

लेकिन लगातार बढ़ते तापमान और लू के प्रभाव को देखते हुए शासन ने इसे पहले लागू करने का निर्णय लिया है। विभाग का मानना है कि वर्तमान परिस्थितियों में बच्चों को स्कूल भेजना उनके स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है, इसलिए यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया गया है।

जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय केवल विद्यार्थियों के लिए लागू होगा। शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए यह अवकाश मान्य नहीं रहेगा तथा वे पूर्व निर्धारित विभागीय निर्देशों के अनुसार अपनी सेवाएं देंगे। इससे शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य प्रभावित नहीं होंगे। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

**मौसम :** पारा 43. डिग्री पार, गर्म शहरों में बेमेतरा भी

# अगले दो दिन हीट वेव का अलर्ट झुलसा रही तेज धूप, सेहत पर असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पिछले 72 घंटों के दौरान जिले के अधिकतम तामपान में लगातार बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री पर जा पहुंचा है, जो न केवल प्रदेश के अन्य शहरो की तरह सबसे गर्म शहर रहा,। मौसम विभाग ने अगले दो दिन हिटवेव के ही हालत बने रहने ही संभावना जताई है। ऐसे में आने वाले दिनों में भी गर्मी से राहत मिलने की संभावनाएं कम है। मौसम में आए बदलाव का सीधा असर लोगों की सेहत पर देखने को मिल रहा है। पानी की कमी, चक्कर आना और कमजोरी की शिकायतें बढ़ गई है।

चिकित्सा विशेषज्ञ भी ऐसे समय में तरल पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन की सलाह दे रहे हैं। इधर मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका दक्षिण पूर्व राजस्थान से मणिपुर तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश से मन्नार की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक प्रति चक्रवात कर्नाटक और उससे लगे महाराष्ट्र के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।



### अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी का ट्रेंड

जिले का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री पर बना हुआ है। अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री का इजाफा देखने को मिल सकता है। वहीं प्रदेश में 18 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश के मध्य क्षेत्र में एक-दो पैकेट्स में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना है। बस्तर संभाग के एक-दो जिलों में गरज-चमक संभव है।

### बाजार में पसरने लगा सन्नाटा

दोपहर के समय तापमान अपने चरम पर पहुंच जा रहा है। जिसका सीधा असर बाजार पर देखने को मिल रहा है। शादी सीजन होने के बावजूद तेज धूप का असर खरीदारी पर दिखाई दे रहा है। दोपहर के समय बाजार में सन्नाटा देखने को मिल रहा है। इधर बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रदेश सरकार ने भी सोमवार से छुट्टी की घोषणा कर दी है।

## भीषण गर्मी और लू से बचाव पर जिला प्रशासन की एडवाइजरी जारी

**बेमेतरा।** भीषण गर्मी और लू की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने आमजन से सतर्क रहने और स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों का पालन करने की अपील की है। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृतलाल रोहलेडर द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों को पुनः दोहराते हुए नागरिकों से जागरूक रहने को कहा गया है। प्रशासन के अनुसार, अप्रैल से जून के दौरान तापमान में तेजी से वृद्धि और लू चलने की संभावना रहती है, जिससे जनसामान्य का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। लू लगने का मुख्य कारण तेज धूप में अधिक समय तक रहने से शरीर में पानी एवं आवश्यक खनिज, विशेषकर नमक की कमी होना है। लू लगने पर व्यक्ति को सिरदर्द, तेज बुखार, मुंह सूखना, चक्कर आना, उल्टी, अत्यधिक कमजोरी, पसीना न आना, ज्यादा प्यास लगना, पेशाब कम होना, भूख में कमी तथा गंभीर स्थिति में बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

- लू के खतरे को लेकर सतर्क रहें नागरिक, कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

### बचाव के लिए जरूरी सावधानियां

प्रशासन ने नागरिकों को सलाह दी है कि अत्यावश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें और तेज धूप से बचें। बाहर निकलते समय सिर और कान को ढककर रखें तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। गर्मी में हल्के और सूती कपड़े पहनना लाभकारी होता है। अधिक पसीना आने पर ओ आर एस का सेवन करें और अस्वस्थ महसूस होने पर छायादार स्थान पर आराम करें। आवश्यकता पड़ने पर आरोग्य सेवा नंबर 104 पर निःशुल्क परामर्श लिया जा सकता है।

### लू लगने पर तुरंत करें ये उपाय

यदि किसी व्यक्ति को लू लग जाए तो उसे तुरंत ठंडी जगह पर लिटाकर सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करें और अधिक से अधिक तरल पदार्थ जैसे आम का पना, जलजीरा आदि पिलाएं। साथ ही, शीघ्र नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराना जरूरी है। ओ आर एस के लिए मितानिन या एएनएम से संपर्क करने की भी सलाह दी गई है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन सावधानियों का पालन कर स्वयं और अपने परिवार को भीषण गर्मी और लू के प्रभाव से सुरक्षित रखें।



# सीजी पीएससी अभ्यर्थियों के लिए मुख्य परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग

## राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर जिला युवा कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष प्रांजल तिवारी के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अभ्यर्थियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2026 की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम 25 मार्च 2026 को घोषित किया गया, जबकि मुख्य परीक्षा 16 मई 2026 को प्रस्तावित है। इस प्रकार अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए मात्र लगभग 50 दिनों का समय मिल रहा है, जो कि बेहद कम और अपर्याप्त माना जा रहा है।

- युवा कांग्रेस ने कहा 50 दिन की तैयारी अवधि अपर्याप्त, परीक्षा शुल्क वापसी प्रक्रिया भी बताई जटिल

युवा कांग्रेस ने तर्क दिया कि पूर्व वर्षों में प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के बीच लगभग 100 दिनों का अंतराल दिया जाता था, जिससे अभ्यर्थियों को विस्तृत पाठ्यक्रम की तैयारी और उत्तर लेखन अभ्यास के लिए पर्याप्त समय मिल पाता था। वर्तमान व्यवस्था को युवाओं के हित में प्रतिकूल बताते हुए इसे सुधारने की आवश्यकता जताई गई। इसके अलावा ज्ञापन में परीक्षा शुल्क वापसी की वर्तमान प्रक्रिया को जटिल और अव्यवहारिक बताया गया। कहा गया कि कई पात्र अभ्यर्थी तकनीकी कारणों से अपनी राशि प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

मुख्य परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ाकर कम से कम 100 दिनों का समय दिया जाए।,परीक्षा शुल्क वापसी प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए।,शुल्क की राशि उसी बैंक खाते में स्वतः वापस की जाए, जिससे भुगतान किया गया था। जिलाध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने कहा कि यह मामला प्रदेश के हजारों युवाओं के भविष्य से जुड़ा है और सरकार को इस पर जल्द सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। इस अवसर पर वैभव मिश्रा, विप्लव गौराहा, अतुल साहू, संस्कार शर्मा, प्रतीक दुबे, राहुल जोशी, उत्पल गायकवाड़, वतन मिश्रा, अजराज सेन, कौनेन अली, शुभम सोनी, राजू साहू और नितेश दुबे सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिंघौरी के बच्चों को ऑल इंडिया लीनेस क्लब प्रेरणा गोल्ड द्वारा किया सम्मानित...




**बेमेतरा।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब प्रेरणा गोल्ड की अध्यक्ष उमा तिवारी के द्वारा सिंघौरी विद्यालय में प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें नेविता वर्मा एवं ललिता साहू के द्वारा ब्लॉक स्तरीय क्विज कंपटीशन में जिला बेमेतरा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर मेडल देकर सम्मान किया गया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी क्षेत्रों में बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सिंघौरी स्कूल की प्रधान पाठक सरस्वती साहू सहित उमा तिवारी (चेयरपर्सन) विनोद राघव (चार्टर अध्यक्ष) रामेश्वरी साहू (पूर्व अध्यक्ष) सीमा साहू, बेबी साहू एंव शाला परिवार से धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक, शशिकला यादव, देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल,किरण खरे, पूनम साहू,साजन वर्मा एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# समर कैंप के तीसरे दिन बच्चों ने सीखी मेहंदी कला, उत्साह से खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड साजा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी में प्रधान पाठक धनेश रजक के नेतृत्व में चल रहे समर क्लास कैंप का सफल आयोजन जारी है।

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों हुए पुरस्कृत

कैंप में बच्चे प्रतिदिन विभिन्न रचनात्मक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों के माध्यम से सीखने के साथ-साथ आनंद भी ले रहे हैं। कभी चित्र एवं चार्ट बनाकर बच्चे अपनी कल्पनाशक्ति को विस्तार दे रहे हैं, तो कभी संगीत सीखकर अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं। समर कैंप के तीसरे दिन आयोजित विशेष गतिविधि में बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ मेहंदी लगाना सीखा। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। मेहंदी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कक्षा पांचवीं की मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि चित्रलेखा निर्मल द्वितीय एवं चंचल निर्मल (कक्षा छठवीं) तृतीय स्थान पर रहीं। पुरस्कार मिलने से बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास और बढ़ा। प्रधान पाठक धनेश रजक द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सराहनीय पहल की जा रही है। वे स्वयं बच्चों को निशुल्क शैक्षणिक सामग्री जैसे चार्ट, रंग और मेहंदी उपलब्ध करा रहे हैं। साथ ही संगीत शिक्षा के लिए अपने निजी हारमोनियम, तबला एवं पेटी लाकर बच्चों को अभ्यास भी करवा रहे हैं। उनके सतत मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से बच्चे इस समर कैंप में सीखने के साथ-साथ भरपूर आनंद ले रहे हैं, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है।




## जिले के वनांचल क्षेत्र में 121.76 किलोमीटर के सड़कों का बिछेगा जाल

# जिलों को 166 करोड़ की सड़क पुल पुलिया निर्माण की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

कबीरधाम जिले में 166 करोड़ की लागत से 55 बारहमासी सड़कों और 12 वृहत पुल पुलिया निर्माण कार्य का आज भूमि पूजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर के रणजीता स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (चतुर्थ चरण) तथा पीएम जनमन योजना के सड़कों एवं पुल पुलिया के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित थें। यह अभूतपूर्व अवसर है जब एक साथ वनांचल क्षेत्र में बड़ी संख्या में सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन हुआ है। इससे कबीरधाम के 56 गांवों तक पहली बार पक्की सड़क पहुंचेगी। पक्की सड़क बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और अन्य मूलभूत सेवाओं तक ग्रामीणों की पहुंच बेहतर होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जिले के पीजी कॉलेज डोम में आयोजित कार्यक्रम से जुड़े और जिलेवासियों को विकास कार्यो की इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला मजबूत सड़क व्यवस्था होती है। जब गांव बारहमासी सड़कों से जुड़ते हैं, तभी वहां विकास के नए रास्ते खुलते हैं और देश प्रगति की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि गांवों तक सड़क पहुंचने से केवल आवागमन ही आसान नहीं होता, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार जैसी आवश्यक सुविधाओं तक ग्रामीणों की पहुंच भी सुनिश्चित होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर प्रदेश को नई पहचान दी। इसके साथ ही उन्होंने देश के गांवों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की। उनका मानना था कि सड़क के बिना गांवों का विकास संभव नहीं है, क्योंकि भारत गांवों का देश है और देश की आत्मा गांवों में बसती है। इसी दूरदर्शी सोच के साथ गांवों को सड़क संपर्क से जोड़ने की ऐतिहासिक पहल की गई। उन्होंने कहा कि आज उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में सड़क एवं पुल-पुलियों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि जिले में सड़कों के विस्तार से न केवल वर्तमान पीढ़ी बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी बड़ी सुविधा मिलेगी। गांवों तक बेहतर सड़क संपर्क स्थापित होने से शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। इस दौरान रामकुमार भट्ट, कैलाश चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शनः-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411